राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित
परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक: ABOO_WO/2021/013

दिनांक: 17-05-2021
**ईमेल के माध्यम से**

सेवा में,
महानिदेशक,
संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य
सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ०प्र०,
16- विधान सभा मार्ग, लखनऊ|

महोदय,

**समस्त बैंक कर्मियों (Corona Warriors) को प्राथमिकता के आधार Covid Vaccine लगवाने के संबंध में**

उपरोक्त संबंध में आपके कार्यालय के दिनांक 11.05.2021 के पत्रांक 272-73/बी-विविध/2020-21, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वस्थ्य को संबोधित, के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कार्यरत बैंक कर्मियों को विशेष कैंपों के माध्यम से टिकाकरण कराने एवं संक्रमण से प्रभावित बैंक कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबन्धित अधिकारियों के स्तर से प्रभावी कार्यवाही कराने हेतु कहा गया था| इस विषय वर्तमान में अभी अधिकांश जनपदों में कोई भी सूचना व निर्देश नहीं किए गए हैं जिस कारण अधिकांश बैंक कर्मी Vaccination से वंचित हैं|

कृपया Corona Warrior घोषित किए गए बैंक कर्मियों जो कि लगातार आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत बैंक में कार्य कर रहे हैं एवं आम जनता को आर्थिक सहूलियत दे रहे हैं उनका योगदान इस covid काल में किसी भी corona warrior से कमतर नहीं है जिसे भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा भी माना गया है| यदि बैंक कर्मी सुरक्षित न रहे और इस कारण corona से संक्रमित होकर बैंकों में कामकाज बंद हो गया तो जनता को वित्त की सहायता इस covid काल में मिलना मुश्किल हो जाएगा और तो और ऐसे में रिस्क के साथ बैंक कर्मचारियों के कार्य करने से corona प्रसार का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है| अतएव इससे पहले कि हालात जो काबू में आ रहे हैं वे बेकाबू हो जाएँ Corona Warrior बैंक कर्मियों को भी प्राथमिकता पर Vaccinate करने हेतु शीघ्र व प्रभावी कदम उठाने का श्रम करने का कष्ट करें| लगातार शासन प्रशासन की उपेक्षा का शिकार होकर बैंक कर्मियों के हौसले अब पस्त होने के कगार पर हैं| जहां एक ओर भारत सरकार एवं राज्य सरकार बैंक कर्मियों को Corona warrior घोषित कर प्रशंसा कर रही है वहीं दूसरी ओर उन्हें Vaccination के लिए भी लगातार अनुरोध करना पड रहा है और लगातार हो रहे पत्राचार के बावजूद प्रत्येक जगह निराशा ही हाथ लग रही है| कृपया इस विरोधाभास से बैंक कर्मियों को मुक्त करें एवं शीघ्र उनको प्राथमिकता से Vaccinate करवाने हेतु स्पष्ट एवं कड़े निर्देश जारी करें ताकि बैंक कर्मी अपने कार्य को बिना भय के कर सकें और इस Covid काल में आम जनता को सहूलियत दे सकें| आम जनता को इलाज के लिए पैसे की आवश्यकता होती है और बैंकों के माध्यम से आम जनता अपनी इस आवश्यकता को पूरी करती है और लगातार बैंक कर्मियों के कार्य करने के कारण ही आम जनमानस जरूरत के समय धन की उपलब्धता को लेकर चिंतित नहीं है| अब तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त भी आ चुकी है व तमाम पेंशन निधि भी जनता के खातों में आने को है जिससे बैंकों में अप्रत्याशित भीड़ होना स्वाभाविक है| बैंकों में आने वाली भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस समय जब बैंक 10 से 2 बजे तक कार्य कर रही हैं फिर भी शाखाओं में अप्रत्याशित भीड़ आ रही है| Vaccination न होने कारण बैंक कर्मी अधिक मात्रा में संक्रमित हो रहे हैं और तो और संक्रमण के कारण काफी संख्या में बैंक कर्मीयों की मृत्यु भी हो चुकी है कई बैंक शाखाएँ बंद करने की नौबत भी आने लगी है स्टाफ की कमी से लगातार बैंके जूझ रही हैं| यदि समय रहते बैंक कर्मियों को प्राथमिकता से vaccinate नहीं किया गया

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

तो जल्द ही बैंकों को बंद करने की नौबत भी आ सकती है ऐसी स्थिति में आम जनता की बीच Panic भी create हो सकता है जिससे कोरोना के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम को धक्का लगने की आशंका है| अतएव इस ओर गंभीरता से घ्यान देने की आवश्यकता है एवं बिना देरी के अविलंब प्रदेश के समस्त बैंक कर्मियों को प्राथमिकता से Covid 19 Vaccine लगाने की आवश्यकता है विशेष रूप से ग्रामीण आबादी के बीच कार्य कर रहे बैंक कर्मियों को जहां ग्रामीण जनता का अधिकतर कार्य बैंक शाखाओं के माध्यम से ही होता है|

वर्तमान में सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा भी अपने दिनांक 14.05.2021 के पत्रांक F.No. 12/1/2020-BO.II द्वारा भी बैंक कर्मियों को विशेष प्राथमिकता के साथ Vaccinate करने की बात गयी है| सादर अनुरोध है कि पूरे प्रदेश में बैंक कर्मियों को प्राथमिकता से Vaccinate करवाया जाए जिससे बैंक कर्मी सुचारु रूप से कार्य कर सकें|

हमें आशा है कि आप उपरोक्त वर्णित की गयी वस्तुस्थिति को समझेंगे एवं शीघ्र ही शासन स्तर प्रभावी निर्णय लेकर उपरोक्त विषय के संबंध में सकारात्मक कार्यवाही करेंगे जिससे बैंक कर्मियों को विशेष अभियान के तहत प्राथमिकता के आधार Covid Vaccination लगाना सुनिश्चित हो सकेगा एवं समस्त विरोधाभासों पर विराम लग सकेगा|

संलग्नक: यथोपरि|

**भवदीय**

[ Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि:

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशालय, उ०प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|
2. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|
3. सेक्रेटरी, भारत सरकार, वित्त सेवाएँ विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|
4. अध्यक्ष एवं महामंत्री AIGBWO एवं AIGBOO को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|
5. अखिल भारतीय बैंकिंग प्रभारी, भारतीय मजदूर संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|
6. उत्तर प्रदेश, भारतीय मजदूर संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु|